# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, TABUK

## TERM- 1 (SESSION: 2025-26)

## PRACTICE SHEET 1

**CLASS: VII** **SUBJECT: HINDI**

## TOPIC: LESSON 1&2

| | |
|---|---|
| | LESSON 1 : हम पंछी उन्मुक्त गगन के |
| Q I | प्रश्न 1.<br>हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?<br>प्रश्न 2.<br>पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?<br>प्रश्न 3.<br>भाव स्पष्ट कीजिए-<br>या तो क्षितिज मिलन बन जाता या तनती साँसों की डोरी। |
| Q II | पदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए ।<br>*हम पंछी उन्मुक्त गगन के*<br>*पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,*<br>*कनक-तीलियों से टकराकर*<br>*पुलकित पंख टूट जाएँगे।*<br>*हम बहता जल पीनेवाले*<br>*मर जाएँगे भूखे-प्यासे,*<br>*कहीं भली है कटुक निबौरी*<br>*कनक-कटोरी की मैदा से।* |
| | Question 1.<br>पक्षी किस रूप में रहना चाहते हैं?<br>(a) व्याकुल(b) पिंजरे में बंद(c) उन्मुक्त(d) पुलकित<br>Question 2.<br>पिंजरे में रहकर पक्षी क्या नहीं कर पाएंगे?<br>(a) गा नहीं पाएँगे(b) उड़ नहीं पाएंगे(c) कुछ खा नहीं पाएँगे(d) उपर्युक्त सभी<br>Question 3.<br>सोने का पिंजरा भी पक्षियों को क्यों नहीं पसंद आता है?<br>(a) वे तो खुले आसमान में उड़ना चाहते हैं(b) क्योंकि उनकी आज़ादी छिन जाती है<br>(c) क्योंकि वे कैदी के रूप में नहीं रहते(d) उपर्युक्त सभी |

| | |
|---|---|
| | Question 4.<br>कनक-तीलियों से टकरा-टकराकर क्या हो गया?<br>(a) वे आसमान में उड़ने लगेंगे(b) पिंजरा टूट जाएगा<br>(c) उनके पंख टूट जाएँगे(d) उपर्युक्त सभी |
| Q III | शब्दार्थ :<br>1 कनक 2 उन्मुक्त 3 पुलकित 4 अरमान 5 तारक 6 फुनगी 7 आश्रय 8कटुक |
| Q I | LESSON 2 : हिमालय की बेटियाँ<br>प्रश्नोत्तर<br>1. नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?<br><br>2. सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?<br><br>3. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?<br><br>4. हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है? |
| Q II | गदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए ।<br><br>*कहाँ ये भागी जा रही हैं ? वह कौन लक्ष्य है जिसने इन्हें बेचैन कर रखा है ? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर इनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा! बरफ़ जली नंगी पहाड़ियाँ, छोटे-छोटे पौधों से भरी घाटियाँ, बंधुर अधित्यकाएँ, सरसब्ज़ उपत्यकाएँ-ऐसा है इनका लीला निकेतन! खेलते-खेलते जब ये ज़रा दूर निकल जाती हैं तो देवदार, चीड, सरो, चिनार, सफ़ेदा, कैल के जंगलों में पहुँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा। कौन जाने, बुड्ढा हिमालय अपनी इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा! बड़ी-बड़ी चोटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है ?* |
| | Question 1.<br>नदियाँ किस की तरफ भागी जा रही हैं?<br>(a) हिमालय(b) समुद्र(c) जंगल (d) लेखक<br>Question 2.<br>नदियों के भागने का कारण है<br>(a) प्रसन्न होना(b) उदास होना(c) बेचैन होना(d) संतुष्ट होना<br>Question 3.<br>नदियों का पिता है-<br>(a) समुद्र(b) हिमालय(c) मैदान(d) बूढ़ा पहाड़ी<br>Question 4.<br>हिमालय की बेटियाँ कैसी हैं ?<br>(a) चंचल(b) नटखट(c) गंभीर(d) क्रूर |

| | |
|---|---|
| | Question 5.<br>'विराट ' शब्द का अभिप्राय है-<br>(a) उदंड(b) अशांत(c) असंतुष्ट(d) विशाल |
| Q III | 1विराट 2 बंधुर 3 संभ्रांत 4 सचेतन 5 श्रेय 6 लुभावना 7 उपत्यकाएँ 8 श्रेय 9 सरसब्ज़ 10 कौतूहल |